हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024


तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 13.4 डिग्री


13 हर वर्ग की हो सहभागिता राजकीय अवकाश की मांग





14 पीएम मोदी की गारंटी यानि सबका विकास : मौर्य






# जेठ के घर पर थी, तभी क्रॉस फायरिंग में चली गोली से मासूम की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम मुदवेंडी में क्रॉस फायरिंग से बच्ची की मौत के तीन दिन बाद भी सन्नाटा पसरा हुआ है। शाम लगभग 4 बजे जब पिड़िता मासे सोढ़ी अपनी मासूम बच्ची को अपने जेठ के घर आई थी, इसी दौरान वह घर के आंगन में बच्ची को स्तनपान करा रही थी तभी गोली उसके हाथ को छूते हुए बच्ची के सीने में लगी और पीठ की ओर से पार हो गई थी। इस घटना के बाद मासे को पुलिस की मदद से गंगालूर अस्पताल में प्रारभिंक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर ले जाया गया और वर्तमान में उसकी हालत ठीक है। एक दिन पूर्व ही मासूम बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया गया। लेकिन इस बात की तस्दीक अभी तक नहीं हो सकी है कि मासे की बच्ची को गोली किसकी लगी है। घटना के तीन दिन बाद भी गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है, पत्रकारों की टीम जब घटनास्थल पहुंची, तब वहां एसपी बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय व फारेसिंक टीम जांच में लगी हुई थी। मौके पर मौजूद बच्ची के पिता बामन का कहना है कि उसे मुआवजा नहीं बल्कि उसकी बेटी चाहिए। तीन बेटों के बाद उसकी वह इकलौती बेटी थी। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने गांव से लगभग एक किमी दूर गोली के कई खोखे भी बरामद किया गया है जो नक्सलियों की ओर से पुलिस टीम पर चलाई जा रही थी। बहरहाल अभी भी इस बात का खुलासा नहीं हो ▶▶|शेष पेज 12 पर

## भैरमगढ़ व गंगालूर एरिया कमेटी के माओवादियों के खिलाफ मामला दर्ज

### अंतिम संस्कार के दौरान आईईडी ब्लास्ट में एक जवान हुआ घायल

*दो दिन पूर्व परिजन जब बच्ची का अंतिम संस्कार कर रहे थे, तभी आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से डीआरजी का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जगदलपुर के डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। वहीं घटना के बाद सुरक्षा बलों द्वारा लगातार इलाके की सर्चिंग की जा रही है।*



### नक्सलियों का दावा झूठा, 7 लाख मुआवजा

नक्सलियों द्वारा पर्चा जारी कर कहा गया था कि सड़क का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने फायरिंग की यह झूठी व भ्रामक है। मुठभेड़ की बात ग्रामीण भी कह रहे है। बहरहाल घटना के बाद भैरमगढ़ व गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज की गई है वहीं इलाके की सर्चिंग लगातार की जा रही है। मामले में बच्ची की मौत व मां के घायल होने पर पिड़ित परिवार को 7 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा।

-सुंदरराज पी, आईजी बस्तर।

## खबर संक्षेप

### विधि से संघर्षरत बालक सहित दो नक्सली गिरफ्तार



**बीजापुर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री के साथ विधि से संघर्षरत बालक व एक नक्सली मिलिशिया सदस्य को थाना कुटरू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 2 जनवरी को थाना कुटरू बल के द्वारा तेलीपेंटा मार्ग पर एमसीपी की कार्यवाही के दौरान प्रतिबंधित नक्सल संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री सहित 2 संदिग्ध को पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्धों से पूछताछ पर अपना नाम दशरू पोडियाम पिता मोगडू पोड़ियाम उम्र 20 वर्ष निवासी नेडवायापारा गुट्टामंगी थाना कुटरू व विधि से संघर्षरत बालक पकड़े गये। उनके पास रखे थैले से बैनर एवं नक्सल पर्चा बरामद किया गया। पकड़े गये संदिग्धों के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

### आईईडी लगाने की घटना में शामिल एक नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान सुरक्षा पार्टी को क्षति पहुंचाने की नीयत से आईईडी लगाने की घटना में शामिल 1 नक्सली जनमिलिशिया सदस्य को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। उक्त नक्सली पर 10 हजार रुपए का इनाम है। जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत 4 जनवरी को थाना प्रभारी कुटरू बल के साथ केतुलनार की ओर एरिया डॉमिनेशन एवं पेट्रोलिंग पर निकली हुई थी। थाना कुटरू के बल द्वारा केतुलनार के जंगल से एक नक्सली जन मिलिशिया सदस्य लिंगा कुंजाम पिता जोगा उम्र 32 वर्ष निवासी गढ़मेरीपारा केतुलनार थाना कुटरू को पकड़ा गया। जो पुलिस पार्टी को क्षति पहुंचाने की नियत से 28 नवंबर 2023 को दरभा कच्चे मार्ग पर आईईडी लगाने की घटना में शामिल था। इसके अलावा थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत 11 जनवरी 2022 को केतुलनार गढमेरीपारा के ग्रामीण की हत्या एवं 4 फरवरी 2023 को मंगापेटा के पास गिट्टी परिवहन कर रही हाईवा वाहन में आगजनी की घटना में शामिल था। उक्त नक्सली की गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक द्वारा 10000 रुपए का ईनाम उद्घोषित किया गया था। पकड़े गये नक्सली के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

### बोरवेल संचालक देगा 10 हजार की क्षतिपूर्ति व जुर्माना

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में बोरवेल संचालक राजू श्रीवास्तव को 10 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपए का जुर्माना आवेदक को अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी स्वाति झा ने बोरवेल संचालक राजू श्रीवास्तव के माध्यम से अपने निवास स्थान में पूर्व से स्थापित बोरवेल में सुधार कार्य करवाया था। इस पर बोरवेल संचालक द्वारा उसे पानी निकल जाने की गारंटी दी गई थी, पर पानी नहीं निकला था। बोरवेल संचालक से आवेदक द्वारा इसकी शिकायत किए जाने पर उसके द्वारा बोरवेल में कोई सुधार कार्य नहीं किया गया था, जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बोरवेल संचालक द्वारा बोरवेल का सुधार कर सही ढंग से संपादित नहीं किया गया था, जो सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण की श्रेणी में आता है। इस हेतु बोरवेल संचालक को 10 हजार रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।

## सियासत : 19 भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर को सौंपा अविश्वास प्रस्ताव

# निगम अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए भाजपा ने सौंपा ज्ञापन

अविश्वास प्रस्ताव के लिए सम्मिलन शीघ्र आहूत करने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी पार्षद दल गुरुवार को नगरपालिक निगम अध्यक्ष कविता साहू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। भाजपा के 19 पार्षदों ने कलेक्ट्रेट पहुंच निगम अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पत्र कलेक्टर विजय दयाराम को सौंपा व जल्द से जल्द अविश्वास प्रस्ताव को पारित करने के लिए सम्मिलन आहुत करने कहा। भाजपा जिला कार्यालय में सभी भाजपा पार्षद शाम करीब 4 बजे पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। पार्षद दल ने निगम अध्यक्ष कविता साहू के विरुद्ध अविश्वास व्यक्त करते हुये तीन बिंदुओं को प्रस्ताव में शामिल किया है। जिसमें कहा गया है कि नगर निगम अध्यक्ष द्वारा बहुमत के बल का दुरूपयोग करते हुये सामान्य सभा का नियमित संचालन नहीं किया जा रहा है। बीते चार साल में केवल 11 सामान्य सभा की बैठकें हो पायी हैं। भाजपा पार्षदों के द्वारा बारंबार इस विषय पर ध्यानाकर्षण करने के बाद भी नियमानुसार निर्धारित अवधि उपरांत सामान्य सभा की बैठक आहुत करने में निगम अध्यक्ष द्वारा दुर्भावनापूर्वक कोताही की जा रही है। जिससे सामान्य सभा की अति महत्वपूर्ण बैठकें न होने से शहर के विकास सहित जनहित व निगम के कार्य व योजनायें लगातार प्रभावित हो रही है। गिनती की हुई सामान्य सभा की कार्यवाही बैठकों में भी निगम अध्यक्ष के द्वारा भाजपा पार्षदों के साथ पक्षपातपूर्ण कार्य किया जाता रहा है, जिससे विपक्षी भाजपा पार्षद लगातार उपेक्षा का शिकार बन रहे हैं। नगर पालिक निगम में हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार व ▶▶|शेष पेज 12 पर



### सम्मिलन में पारित होगा : पांडे

नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम अध्यक्ष के विरुद्ध भाजपा पार्षद दल ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है। जो अग्रिम कार्यवाही सम्मिलन में पारित भी होगा। इसके पूर्व भी भाजपा पार्षद दल ने महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जिसका सामना करने के बजाय महापौर सहित सत्ता दल के सभी पार्षद शहर छोड़ कर भाग खड़े हुये थे। अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने का साहस निगम में बैठे सत्ताधारी दल दिखाये। शहर की जनता भी इनकी करनी से बखूबी परिचित हो चुकी है।

### परीक्षण के बाद कार्रवाई

भाजपा पार्षद दल आज निगम सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। शिकायत के आधार पर परीक्षण किया जाएगा। शिकायत की जांच के बिंदुओं के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

-विजय दयाराम के
कलेक्टर बस्तर

## करोड़ों के फर्जीवाड़े मामले में नामजद तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

### गुरुवार को न्यायालय में पेश कर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के 70 लोगों से 3 करोड़ रुपए से अधिक हुए फर्जीवाड़े मामले में फरार तीसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इससे पूर्व स्वयं को अभिकर्ता बताते हुए डेली, मासिक व वार्षिक कलेक्शन कर गबन करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने शिक्षक दंपति को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। तीसरे आरोपी उतम यादव की गिरफ्तारी के बाद गुरूवार को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि बुधवार को कोतवाली पुलिस में धोखाधड़ी का मामला दर्ज होने के बाद शिक्षक दंपति को गबन करते हुए 70 लोगों से 3 करोड़ 3 लाख 12,808 रुपए वसूलने के मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में आरोपी जोगेन्द्र यादव उर्फ जुगनू 47 साल व अरूणा यादव पति जोगेन्द्र यादव उर्फ जूगनू उम्र 43 साल निवासी लालबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज चुकी थी। इसी मामले में एक और आरोपी उत्तम यादव 50 साल निवासी महादेव घाट को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इससे पूर्व मामले कि रिपोर्ट महारानी वार्ड निवासी प्रार्थी वेकेंटेश्वर राव द्वारा दर्ज कराते हुए बताया गया था कि 7 अगस्त 2021 को जोगेन्द्र यादव उर्फ जुगनू व उसकी पत्नी अरूणा यादव व भाई उत्तम यादव निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी लालबाग जगदलपुर के द्वारा शहर के विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय, व्यापारियो से डेली कलेक्शन, मासिक कलेक्शन कर वार्षिक भुगतान में दोगुना रकम देना बताकर 70 लोगों से 3 करोड़ रुपए से अधिक जमा करवाया गया। इसके बाद उनके द्वारा लोगों को धोखे में रखकर अभी तक रुपए वापस नहीं किया गया है। दोनों के द्वारा जमा पैसे को किसी को न देकर अभिकर्ता जोगेन्द्र यादव उर्फ जुगनू, अरूणा यादव व उत्तम यादव के द्वारा राशि गबन कर अपराधिक दुर्विनियोग कर हम सभी लोगो के साथ छल करते हुए धोखाधाड़ी किया गया है। रिपोर्ट पर तीनो ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ दोगुना करने के नाम पर शिक्षक दंपति समेत तीन ने किया था 3 करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा

## समग्र शिक्षा कार्यक्रम में पहुंचे विधायक का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली बार तोकापाल शिक्षा विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे चित्रकोट विधायक विनायक गोयल का शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया। वहीं विधायक द्वारा लोहण्डीगुड़ा के बागनपाल में आयोजित एनएसएस के कार्यक्रम में पहुंचकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। जानकारी के मुताबिक तोकापाल में शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा को लेकर उत्कृष्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक गोयल का शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामबती भण्डारी के अलावा चन्द्रशेखर जोशी, लच्छिन यादव, चन्द्रकान्त भण्डारी व रितेश दास जोशी के अलावा भाजपा के दर्जनों पदाधिकारी मौजूद थे। तोकापाल के बाद विधायक लोहण्डीगुड़ा ब ▶▶|शेष पेज 12 पर

## अपने ही घर में चोरी करने वाली बेटी को मां की रिपोर्ट पर किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अपने ही घर से सोने चांदी के जेवरात चोरी मामले में पुलिस ने युवती समेत दो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया। सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि चोरी के मामले में युवती समेत दो आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत मामला दर्ज कर बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सोने-चांदी के जेवरात कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार रूपए जब्त किया गया है। मामले में आरोपी कुमारी साक्षी अवस्थी 19 वर्ष निवासी बलीराम कश्यप वार्ड व अभिषेक राव उर्फ अविनाश 22 वर्ष निवासी वृन्दावन कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया।

प्रार्थिया सपना अवस्थी निवासी वृन्दावन कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 दिसम्बर 2023 से 2 जनवरी 2024 के मध्य कोई अज्ञात चोर द्वारा घर का लाकर तोड़कर तिजोरी में रखे सोने चांदी के जेवरात सोने की चेन, सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, बच्चे का सोने का लॉकेट व चांदी के पायल ▶▶|शेष पेज 12 पर

## लोकसभा चुनाव में टिकट का फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद भाजपा का पूरा फोकस लोकसभा चुनाव पर है और इसके लिए भाजपा संगठन ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। प्रदेशाध्यक्ष व स्थानीय विधायक किरण देव ने कहा कि जो पार्टी 3 माह पहले ही प्रदेश में सरकार बनाने का दावा की थी, जनता ने उन्हें जवाब दे दिया। इस बार प्रदेश सहित बस्तर लोकसभा सीटों में भाजपा का परचम लहराएगा। सभी सीटो में भाजपा की जीत दर्ज होगी, हमें बस्तर और प्रदेश की जनता पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के प्रत्याशी का चयन राष्ट्रीय नेतृत्व, संसदीय बोर्ड के वरिष्ठ नेतागण करेंगे और इसके लिए संगठन चेहरों की तलाश शुरू कर दी है। शीर्ष नेताओ द्वारा लगातार मंथन भी किया जा रहा है। प्रदेशाध्यक्ष ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने केंद्र की योजनाओ को प्रदेश में क्रियान्वित नहीं किया, जिससे वास्तविक हितग्राहितों को योजना का लाभ नहीं मिला। इसी आक्रोश में जनता ने कांग्रेस को बाहर का रास्ता दिखाया और लोकसभा चुनाव में दोबारा बाहर करने की तैयारी में है। इस बार डबल इंजन की सरकार के चलते सभी सीटों में भाजपा को बड़ी जीत मिलेगी। देव ने यहां तक कहा कि कांग्रेस का किसी भी लोकसभा सीट में खाता नहीं खुलेगा।



### मोदी की गारंटी पर लोगों को भरोसा

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा प्रदेश और केंद्र में डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर लोगो को भरोसा है। हम भरोसे को पूरा करने कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। बस्तर के साथ-साथ प्रदेश की जनता से जो वादा किया है, एक-एक कर उसे पूरा करेंगे, यह प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है।

## भाजपा के संभागस्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शामिल होंगे सीएम साय

# मुख्यमंत्री 6 को आएंगे बस्तर, तैयारियों में जुटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 6 जनवरी शनिवार को बस्तर प्रवास पर पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री जगदलपुर में आयोजित होने वाले भाजपा के संभागस्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार गठन के बाद मुख्यमंत्री साय का प्रथम बस्तर प्रवास है पार्टी आगमन व स्वागत को लेकर भव्य तैयारियों में जुट गई है। पूरे शहर में साज सज्जा करने की रचना की गई है। धरमपुरा कॉलेज के समीप विशाल मैदान में कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित होगा।वन, जल संसाधन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ बस्तर के सभी सात जिलों के कार्यकर्ता समारोह में सम्मिलित होने पहुंचेंगे



### स्वागत में न हो कोई कमी

*मंत्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के उपरांत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पहला बस्तर आगमन हो रहा है। सभी कार्यकर्ता पूरी ज़िम्मेदारी से काम में जुट जायें व सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन कर्मठता से करें। मुख्यमंत्री देवतुल्य कार्यकर्ताओं का सम्मान करने बस्तर आ रहे हैं, यह हम सभी के लिये गौरव के क्षण है।*

### निरीक्षण में ये रहे शामिल

*बैठक व निरीक्षण के दौरान पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, संभागीय सह प्रभारी निरंजन सिन्हा, जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, विधायक विनायक गोयल, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, गोदावरी साहू, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, रजनीश पाणिग्राही, संजय पाण्डेय, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा, बाबुल नाग, राजपाल कसेर समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।*


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बच्चों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार तथा अम्बा शाह व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता तथा सुनील कुमार मरकाम पीएलव्ही के द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दहिंकोगा के राष्ट्रीय सेवा योजना ग्राम बनउसरी जिला कोण्डागांव में लगे सात दिवसीय कैम्प में विधिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर उपस्थित बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताते हुए बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, तथा पीड़ितों को राहत देने, और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में, व बाल मजदूरीध्निषेध अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने में काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, गुड टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में पदत नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में तथा माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 संबंध में व निःशुल्क अधिवक्ता की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पी.एल.व्ही. पारेश्वर देवांगन ज्योति देवांगन प्रभारी एवं स्कूल के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप




### पेड़ से टकराई बाइक दो युवक घायल

**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोपरा जंगल मे बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें फरसगांव अस्पताल से जिला अस्पताल रिफर किया गया । जानकारी अनुसार ओडिशा के ग्राम हिर्री निवासी नवलु नेताम और दसरथ नेताम यह दोनों फ़रसगांव से निजी कार्य करने के बाद बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहे थे, घर जाने के दौरान ग्राम कोपरा जंगल के पास इनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में नकुल नेताम गंभीर रूप से घायल हुआ है औऱ दशरथ नेताम को मामूली चोट आई है। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से फरसगांव अस्पताल उपचार के लिए लाया गया, प्राथमिक उपचार में बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया।

### कुम्हारबड़गांव में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

**फरसगांव।** बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद व अन्य गतिविधि का आयोजन समय-समय पर किया जाना है। जिससे बच्चों का सर्वागीण विकास हो सके, इस उद्देश्य के लिये विकासखंड शिक्षा अधिकारी फ़रसगांव टीडी नेताम के मार्गदर्शन में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन फ़रसगांव ब्लॉक के ग्राम कुम्हारबडगांव में सरपंच सुकलू राम नेताम की अध्यक्षता में विधिवत शुभारंभ किया गया है। इस आयोजन मे 4 संकुल अंतर्गत 24 स्कूलों के 203 छात्र छात्राओं सहित शिक्षक पहुचे हुए हैं। जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रमुख खेल गतिविधि में खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, दौड़, लम्बी कूद , ऊची कूद, बॉलीबॉल, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं। इन गतिविधियों में प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर बच्चे बहुत उत्साहित महसूस कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता का समापन 05 जनवरी शुक्रवार को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी की उपस्तिथि में किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में ज़ोन प्रभारी सोहन सिंह पोयाम, सीएससी सुनहेर नेताम, माधव कुमार अटलखाम, सनत मरकाम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं अपना योगदान दे रहे हैं।

### आवेदक आवेदन पत्र के लिए कार्यालय में पहुंच रहे

# फरसगांव परियोजना कार्यालय के कर्मचारी पर आवेदन पत्र विक्रय करने का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कार्यालय एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना फरसगांव की अंतर्गत आने वाले कोसापारा, बानगांव, सिरपुर, जैतपुरी आदि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। चॉइस सेंटर व अन्य जगहों पर आवेदन पत्र नहीं मिलने से आवेदक आवेदन पत्र के लिए कार्यालय में पहुंच रहे, आवेदकों को परियोजना कार्यालय फरसगांव के कर्मचारी द्वारा 50 रुपए शुल्क लेकर आवेदन पत्र विक्रय करने का मामला गुरुवार को सामने आया। पीड़ित आवेदक ने दावा किया गुरुवार को वह आवेदन लेने फरसगांव एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में गया, आवेदन फार्म की मांग करने पर कार्यालय में बैठे कर्मचारी




ने आवेदन फार्म देने के लिए 50 रुपए राशि की मांग की, राशि को कर्मचारी ने उच्च अधिकारी के आदेश का पालन करने की बात कही। जिसके बाद पीड़ित ने 50 रुपए देकर आवेदन तो खरीद लिया, लेकिन कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा उसको 50 रुपए देने का रसीद नहीं दिया गया। पीड़ित के मुताबिक खुले बाजार में आवेदन पत्र महज 20 रुपए में मिल रहा, जिसमे तीन पन्ने का आवेदन पत्र के साथ तीन लिफाफा व गरीबी रेखा प्रमाण पत्र भी संलग्न रहता है, जबकि कार्यालय द्वारा 50 रुपए की दर पर आवेदन पत्र के साथ एक लिफाफा और मात्र दो पेज का आवेदन पत्र, जिसमें गरीबी रेखा प्रमाण पत्र भी संलग्न नहीं ,आधे अधूरे आवेदन पत्र को विक्रय किया जा रहा है. इस सम्बन्ध में वृंदा देवांगन, परियोजना अधिकारी एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना फरसगांव से बात करने पर उन्होंने अस्पताल में एडमिट रहने से जानकारी देने में असमर्थता जताई। वही फ़रसगांव परियोजना के यादव बाबू से फोन पर बात करने पर उन्होंने कहा कि स्टेशनरी में आवेदन फार्म मिल रहा है, लेकिन जो लोग हमारे ऑफिस में आकर फार्म मांगते हैं तो उन्हे मजबूरन आवेदन फार्म दे रहे है। ऑफिस के कागज का उपयोग होने के चलते उन्हें अनुमानित 50 रुपए लिया जा रहा है। फार्म के बदले रसीद नहीं देने की बात पर यादव बाबू ने कहा कि अगर कोई ऑफिस रसीद मांगेगा तो हम रसीद दे देंगे।

# वनाधिकार पत्र बनाने राशि लेने का आरोप, पीड़ितों ने तहसीलदार से की शिकायत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

वनाधिकार पत्र बनाने के नाम पर ग्रामीणों से राशि लेने का मामला बड़ेराजपुर जनपद अंतर्गत ग्राम बासकोट से सामने आया, पीड़ितों ने मामले की तहसीलदार बड़ेराजपुर से शिकायत की है। बासकोट निवासी पीड़ित कुंवर वैध, तुकाराम, सोनाराम आदि के मुताबिक वे सभी जिस जमीनों पर पिछले कई वर्षों से खेती करते आ रहे हैं, जमीन का पट्टा नहीं होने से उन्हें काफी परेशानी होती है, सरकार द्वारा वर्षों से काबिज भूमि का अधिकार पत्र देने की जानकारी होने के बाद उन्होंने अधिकार पत्र के लिए पंचायत में आवेदन किया, पंचायत से संबंधित कुछ लोगों ने उन्हें अधिकार पत्र बनाकर देने की बात कही और जिओ टैग कराने के नाम पर सभी ग्रामीणों से अलग-अलग राशि मांग लिए। प्रत्येक ग्रामीण ने गांव के ही राजेश नामक व्यक्ति को लगभग पांच माह पहले 500 से 1500 रुपए तक राशि दिए है, लेकिन हममें से किसी भी व्यक्ति को आज तक अधिकार पत्र नहीं मिला है, जिससे हम काफी चिंतित है, हमने तहसीलदार बडेराजपुर से मामले की शिकायत भी की है।

**जांच करेंगे**

आवेदन मिला है, मामले की जांच कर राशि वापस कराया जाएगा। वनाधिकार पत्र बनाने के लिए राशि लेने का कोई प्रावधान नहीं है।
सुशील कुमार भोई, तहसीलदार बड़ेराजपुर (विश्रामपुरी )

# लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम ने बीएलओ की बैठक ली, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर फरसगांव एसडीएम अनिकेत साहू के द्वारा बीएलओ की बैठक ली गई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर सभी बीएलओ को अपने अपने कार्यो को पूर्ण करने निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम अनिकेत साहू ने उपस्थित बीएलओ से कहा कि ऐसे 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवक-युवतियों के नाम, गांव में शादी करके आये हुए लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने और जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जिनकी शादी होने के बाद गाँव छोड़कर



चले गए हैं उन लोगों का नाम मतदाता सूची में काटने के निर्देश दिया गया। इस कार्य को 06 जनवरी से प्रारम्भ करने को कहा गया। अपने अपने पंचायतों में घर घर जा कर सर्वे करे और मतदाता सूची में उनका नाम जोड़ने औंर काटने का कार्य करें। इस कार्य को सभी अपने केन्द्रों में रोजाना रहकर करें ताकि संबंधित बीएलओ को अपना कार्य पूरा करने में कोई परेशानी उत्पन्न ना हो और चुनाव से पहले नवीनतम मतदाता सूची बन सके ताकि लोकसभा चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न हो।

## मंत्री केदार के प्रथम मर्दापाल आगमन पर हुआ स्वागत



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ शासन में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री के पदभार ग्रहण पश्चात स्थानीय विधायक केदार कश्यप के प्रथम मर्दापाल आगमन पर उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। मर्दापाल क्षेत्र के ग्रामीणों ने यहां मोटर साइकिल रैली निकाली। इसके साथ ही यहां पारंपरिक लोक नृत्य के बीच उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा आतिशबाजी की गई।

## मगेदा में विधायक उसेंडी ने मशाल जलाकर किया शुभारंभ




**कोण्डागांव।** विकास खंड माकड़ी के लिए स्तरीय त्रिदिवसीय शारीरिक बौद्धिक सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय विधायक लता उसेंडी द्वारा ग्राम मगेदा में किया गया। उन्होंने इस दौरान कहा कि यहां के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अन्तर्राजीय स्तर पर गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, ब्रांज मेडल जीता है, मेरी शुभकामना है कि आगे की खेलों में अपनी जौहर दिखाते रहें विकास खंड जिला एवं राज्य सहित देश का नाम रोशन करें।

## पेज 11 के शेष

### जेठ के घर पर थी, तभी..

सका है कि मासूम बच्ची की मौत नक्सलियों की ओर से चलाई जा रही गोली से लगी या पुलिस की। इधर पुलिस ने मुठभेड़ में शामिल भैरमगढ़ व गंगालूर एरिया कमेटी के माओवादियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### भाजपा पार्षदों ने निगम अध्यक्ष के...

अनियमितता हावी है। जिससे जनहित, शहर हित के काम बुरी तरह बाधित हैं। अत्यंत महत्वपूर्ण पद पर आसीन निगम अध्यक्ष दलगत राजनीति के कारण इन समस्याओं का निदान करने के बजाय आंख बंद किये हुए हैं। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि ऐसे गलत कार्यों में उनका भी प्रश्रय प्राप्त है। कलेक्ट्रेट पहुंचकर हस्ताक्षर युक्त अविश्वास प्रस्ताव देने वाले भाजपा पार्षदों में योगेन्द्र पाण्डेय, नरसिंह राव, दिगम्बर राव, राजपाल कसेर, आलोक अवस्थी, मोती राम बघेल, निर्मल पाणिग्रही, धनसिंह नायक, दयावती देवांगन, भारती श्रीवास्तव, दीप्ति पाण्डेय, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, ममता पोटाई, रीना घोष, सविता गुप्ता, महेन्द्र पटेल, शंभू नाग शामिल थे। इस दौरान नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, विक्रम सिंह यादव, खेमसिंह देवांगन, अभय दीक्षित, योगेश शुक्ला, शशि नाथ पाठक, रोशन झा, पंकज आचार्य, तेजपाल शर्मा आदि मौजूद थे।

### करोड़ों के फर्जीवाड़े मामले में...

आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 409, 420, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### समग्र शिक्षा कार्यक्रम में...

लाक के बागनपाल पहुंचे यहां आयोजित एनएसएस कैम्प में उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए सम्बोधित किया। दरअसल एनएसएस कैंप का आयोजन लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के बागनपाल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व कोटियागुड़ा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत एक कैंप का आयोजन किया गया था। यहां 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए विधायक गोयल ने कहा कि स्कूल के बाद महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के तकनीकी संस्थानों, स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्र युवाओं को सरकार द्वारा संचालित सामुदायिक सेवा गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है। जिसमें योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। समापन समारोह के दौरान युवाओं के अलावा गांव के प्रबुद्धजन भी मौजूद थे।

### अपने ही घर से चोरी करने...

चोरी कर लिया गया है। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में डीएसपी विशाल गर्ग के अलावा एसआई अरूण मरकाम, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, आरक्षक प्रकाश नायक व राकेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मुख्यमंत्री 6 को आएंगे...

गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बस्तर आगमन व संभागस्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह की तैयारियों को अमलीजामा पहुंचाने जिला व मण्डल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इसके पूर्व मंत्री कश्यप ने सम्मान समारोह कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और तमाम व्यवस्थाओं को तय समय पर पूरा करने निर्देश दिये। शनिवार को पहले पहर में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह का आयोजन पूरा होगा। जिसमें बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री के भव्य स्वागत अभिनंदन की तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दी गई है।

### 42 वर्षों में एक जगह रहते हुए निरंतर अपना कर्तव्यों निभाया

# शिक्षक निहाल सिंह नागे एवं मानकूराम नाग को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनौरा

केशकाल विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम आंवरी शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक एनएस नागे तथा माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक मानकु राम नाग का 3 जनवरी को शाला परिसर में हर्षोल्लास के साथ ही दुःख भरे भावुक क्षणों के साथ विदाई दी गई। बताते चलें कि प्राथमिक शाला आंवरी में पदस्थ शिक्षक एनएस नागे ने 04 सितंबर 1984 को इस गांव के प्राथमिक शाला में पदभार ग्रहण किया था। इन 42 वर्षों में एक जगह रहते हुए निरंतर अपने कर्तव्यों का फर्ज निभाया। जब इन्होंने शाला में ज्वाइन लिया तब यहां छात्रों की दर्ज संख्या काफी नगण्य थी। सुदूर गांव होने के चलते गांव के प्रारंभ में ही पड़ने वाली नदी में पुल न होने से आवाजाही में दिक्कतों का सामना करते शाला




आवाजाही किया करते थे। पुल नहीं होने के साथ इस गांव में पक्की सड़क मार्ग से भी जुड़ाव नहीं था। यही नहीं इस गांव में शिक्षा का स्तर काफी निचले स्तर पर था,जहां इस शिक्षक के अथक प्रयासों से लगातार इस सुदूर गांव में शिक्षा के स्तर में सुधार आया। देर सही छत्तीसगढ़ राज्य उदय के बाद यहां नये शाला भवन बनाये गये साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला की सौगात भी मिली। गांव में शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षक निहाल सिंह नागे की सेवा उपरांत 31 दिसंबर 2023 को शासकीय सेवा नियमानुसार सेवानिवृत्ति हो गई। इसके साथ ही माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक मानकू राम नाग 30 नवंबर 2023 को नियमानुसार सेवानिवृत्ति हो गए थे। जहां ग्रामवासियों की नेक विचारों से एक साथ स्कूली छात्र छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति तथा गांव के पंचायत जनप्रतिनिधियों के मध्य देर शाम तक आयोजन चलता रहा। बिदाई समारोह में ग्राम के सरपंच संगदेव नेताम के साथ ही तुलाराम नेताम, सोना राम यादव, बालसाय मरापी, लखन नेताम,सखराम नेताम, सुरेश पद्दा, भुपति चौहान, बंशीलाल, विक्रम नेताम, पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका रेणुलता श्रीवास्तव, कल्पना सिंह बैस, दुर्गेश्वरी निषाद, मनोरमा कुपाल, प्राथमिक शाला के शिक्षक व्यासनारायण साहू, बीरेंद्र नरेटी ग्राम की महिलाओं में कंसबाई पटेल, चिंतई बाई नेताम,पार्वती शोरी,अनुसुईया शोरी, जयबती मरकाम दोनों शिक्षकों की धर्म पत्नियां परिवार के लोग शामिल हुए। साथ ही सैकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# सुंडी समाज ने विधायक किरण को भेंट में दिये स्मृति चिन्ह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ से सुंडी समाज के पदाधिकारियों ने आज मुलाकात की। इस अवसर पर उन्हें समाज की ओर से गणेश भगवान की स्मृति चिन्ह भेंट में दी गई। इस दौरान सुंडी समाज के संरक्षक दयाराम सेठिया, शिवलाल सेठिया, जितेंद्र सेठिया, कोषाध्यक्ष कमल सेठिया, टिल्लू सेठिया, संतोष सेठिया, गणेश सेठिया, थैलेश सेठिया, बाबूराम सेठिया, विनोद सेठिया, गोविंदा सेठिया, नीलम सेठिया, गणेश सेठिया, उमेश सेठिया, ओमप्रकाश सेठिया, तरुण सेठिया, तुलसी सेठिया, महेंद्र सेठिया एवं सुंडी समाज के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ से राम लला का है बंधुत्व का नाता

# हर वर्ग की हो सहभागिता राजकीय अवकाश की मांग



राठी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्री बृजमोहन व केदार को लिखा पत्र

## 22 जनवरी को हर कोई सहभागी बनना चाहता है प्राणप्रतिष्ठा का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

राम जन्मभूमि में 22 जनवरी को होने वाले आयोजन को लेकर सभी वर्गों में उल्लास का वातावरण निर्मित है। देश-विदेश के साथ-साथ गांव मोहल्ला भी अपने-अपने स्तर से 22 जनवरी को भव्यता देने को आतुर है।

इसी तारतम्य में सुकमा जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिख कर उक्त दिवस पर राजकीय अवकाश घोषित करने हेतु आग्रह किया है।

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी क्षेत्रों में आयोजनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं सुकमा जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व केदार कश्यप को पत्र लिख कर निवेदन करते हुए 22 जनवरी को राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की है।

### आध्यात्मिक माहौल होगा निर्मित



भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राठी ने अपने पत्र में लिखा कि सम्पूर्ण भारत वर्ष में इस समय राममय वातावरण निर्मित हो रहा है। सिर्फ देश-प्रदेश में ही नही बल्कि विश्व में जहां भी राम भक्त है, वहां आध्यात्मिक माहौल निर्मित हो रहा है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होना है, जिसे लेकर जनमानस में उत्सव का माहौल है। यह आम जनमानस हिन्दू भावना और भारतीय संस्कृति के आदर्श का विषय है।

### दंडकारण्य से है वनवास का नाता

राठी ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का धाम व रामलला का ननिहाल है। निश्चित ही श्री राम से हमारा बंधुत्व का नाता है, छत्तीसगढ़ और महाकाव्य रामायण का बहुत ही गहरा और प्राचीन संबंध है। प्रभु श्रीराम ने वनवास काल का काफी समय छत्तीसगढ़ के दंडकारण्य में बिताया था, और राम वनगमन पथ भी दंडकारण्य क्षेत्र की भूमि भी इतिहास में दर्ज हो चुकी है और प्रदेश की सरकार भी रामरामिन मंदिर व इंजरम को संवारने की दिशा में कार्य कर रही है।

### आध्यात्मिक होगा प्राण प्रतिष्ठा दिवस

छत्तीसगढ़ व खासकर दंडकारण्य क्षेत्र में इस लिहाज से राम मंदिर को लेकर प्रदेश में भावनात्मक लगाव भी है। छत्तीसगढ़ से हजारों लाखों राम भक्त भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या जाने कि तैयारियों में जुटे हुए है। हम सभी अपने प्रिय भांजे रामलला के दर्शन सौभाग्य के लिए व्याकुल है। इस दिवस के अवसर पर जहां पूरे विश्व में दीपावली से भी बड़ा पर्व होगा, तो छत्तीसगढ़ भी इस पूरे आयोजन दिवस पर अपनी भक्तिभाव से ओत-प्रोत होकर अपने परिवार जनों के साथ महान पर्व को मनाना चाहेगा। इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक दिवस के अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित करने से छत्तीसगढ़ वासियों का उत्साह दुगुना हो जायेगा।

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का संवाहक रासेयो : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठियागुड़ा का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बाघनपाल में आयोजित किया गया।

समापन दिवस पर बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद में भी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराने का अवसर मिलता है। शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी की तरह राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयां कार्य करती हैं। प्राचार्य एवं अध्यक्षता कर रहे जेसी. मौर्य ने अपने संबोधन में एनएसएस. इकाई द्वारा किए गए विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्ता को बताया।

उप प्राचार्य उमाशंकर ठाकुर ने अपने उद्बोधन में सात दिवसीय शिविर आयोजन में ग्राम वासियों के सहयोग के प्रति आभार प्रगट करते हुए सभी वॉलंटियर्स को हमेशा राष्ट्र के सेवा में तत्पर रहने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बाघनपाल के समस्त ग्रामवासी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ 231वीं वाहिनी ने किया सिविक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सीआरपीएफ 231वीं वाहिनी द्वारा नक्सल प्रभावित बस्तर में सीएपी कार्यक्रम सुरक्षा बढ़ाते हुए सामाजिक समृद्धि की दिशा में अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम स्कूलपारा एवं करेपारा थाना जगरगुण्डा में शिविर लगाकर ग्रामीणों को मच्छरदानी, सोलर स्ट्रीट लाईट एवं बच्चों को किताब, कॉपी, पैन एवं युवाओं को बैट, बॉल, कैरम बोर्ड, बॉलीवॉल, फुटबॉल एवं बैडमिंटन इत्यादि वितरित की गई। इसी के साथ ग्रामीणों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकाश कुमार सहायक कमाण्डेंट, डॉ रवि प्रकाश सोनकर चिकित्सा अधिकारी एवं सोलंकी विजय कुमार, मनोहर राव सहायक कमाण्डेंट व गांव कोण्डासांवली के सरपंच, अन्य अधीनस्थ अधिकारी, जवान तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेंट 231वीं बटालियन ने ग्रामीणों को यह संदेश दिया कि युवाओं के समग्र विकास के लिए खेल कूद की सामग्री व शैक्षणिक सामग्री इस दूरस्थ इलाके में उपलब्ध करवाकर हम लोग बच्चों एवं युवाओं के समग्र विकास के लिए प्रयासरत है। हम अपने क्षेत्र के ग्रामीणों के स्वास्थ्य, कृषि, जलसुविधा व मनोरंजन हेतु खेलकूद के क्षेत्र में और बेहतर योगदान देना चाहते है। ग्रामीणों के साथ मिलकर उनकी दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या में हम ग्रामीणों के साथ खड़े रहेंगें। उन्होंने कहा इस प्रकार के विकासात्मक कार्य से सुरक्षाबलों एवं ग्रामीणों के मध्य रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे और विकास एवं शांति की भी राह प्रशस्त होगी।

# विहंगम योग संत समाज ने किया विश्व शांति वैदिक महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



नव वर्ष के आगमन पर विहंगम योग संत समाज के द्वारा विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया। संत समाज के द्वारा मां दंतेश्वरी के पावन पवित्र भूमि आवराभाटा दुर्गा मंच में एक कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ एवं भजन सत्संग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री मीरा तिवारी बैलाडीला, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता, भाजपा नेत्री उषा किरण उपस्थित रही। सभी अतिथियों ने यज्ञ में बैठकर आहुतियां दी। उसके पश्चात विधायक का संत समाज के सैंकड़ों गुरु भाई बहनों ने आत्मीय स्वागत करते हुए पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया। साथ में आए हुए भारतीय जनता पार्टी की बहनों का भी पुष्प माला द्वारा स्वागत किया गया। विधायक ने अपने वक्तव्य में विहंगम योग समाज के समस्त पदाधिकारियों को एवं गुरु भाई बहनों को संबोधन करते हुए कहा कि मुझे आप सभी के सहयोग व सद्गुरु भगवान की कृपा से विधायक के रूप में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। आज विहंगम योग संत समाज द्वारा ग्रामीण अंचलों तक अपना विशेष अभियान चलाकर विभिन्न कुरीतियां, विसंगतियां, मांस मदिरा का सेवन एवं धर्म परिवर्तन की रोकथाम के लिए विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है।

मैं सेवा के रूप में संत समाज की जो भी समय-समय पर आवश्यकताएं होगी पूर्ण करने का प्रयास करूंगा। संत समाज ने सभी मुख्य अतिथियों को स्वर्वेद महा ग्रंथ भेंट किया।

### गुरु भाई बहनों ने लिया संकल्प

संत समाज के जिला संयोजक लल्लू प्रसाद गुप्ता ने आभार प्रकट करते हुए और मुख्य अतिथियों के आश्वासन के द्वारा संत समाज को अनेक ग्रामों में पहुंचकर जन-जन मन मन तक स्वर्वेद ग्रंथ घर-घर तक पहुंचाने का सभी पदाधिकारी को, गुरु भाई बहनों को संकल्पित कराया। स्वर्वेद महामंदिर के उद्घाटन व निर्माण में दंतेवाड़ा जिले एवं बस्तर संभाग से हजारों हजार वन अंचलों से गुरु भाई बहनों का सहयोग रहा। सद्गुरु महाप्रभु की कृपा सभी पर सदैव बनी रहे। इस कार्यक्रम में सद् गुरु के अनन्य शरण शिष्य महेश्वरानन्द नेताम, सहसंयोजक मनीराम, रूप सिंह, दिलीप कश्यप, मुन्ना, सुदराम मंडावी, सुखमन नाग, भगीरथ मौर्य, सुखमन करताम, छबीलाल कोर्राम, सुखराम कश्यप, सुरेश ठाकुर, पदम, जगदीश यादव, बुधराम, पप्पू भास्कर, पप्पू ठाकुर, लक्ष्मण भास्कर, मनकू राम, मातृशक्ति शांति नाग, गायत्री महापात्रे, यशोदा रामटेके, प्रतिभा ठाकुर, उपदेष्टा मुड़े एवं अन्य मातृ शक्तियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सद्गुरु महाप्रभु की गुरु शिष्य प्रार्थना, आरती, शांति पाठ, जय घोष के द्वारा समापन किया गया।

# सत्ता जाने से बौखलाए विधायक का असली चेहरा आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कुकानार थाना क्षेत्र में कोंटा के विधायक पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ गाली गलौज एवं धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति द्वारा एफआईआर दर्ज कराने को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कोंटा के विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहां कि सड़क छाप गुंडे की तरह कोंटा के विधायक के व्यवहार से लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। सत्ता के जाते ही कवासी लखमा का असली चरित्र सबके सामने आ गया। बारसे ने कहा सत्ता जाने के सदमे से बौखलाये कोंटा के विधायक मानसिक संतुलन भी खो चुके हैं। जिस जनता ने उन्हें 6 बार विधायक बनाया और जिस जनता जनार्दन के बलबूते पर 5 साल मंत्री रहे। उसी जनता के साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय हैं। कांग्रेस पार्टी का संस्कार ही है जनता को अपना गुलाम समझना। वहीं भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं सांसद अपने आपको जनता का प्रधान सेवक समझते हैं। मंत्री रहते ही कवासी लखमा लोगों को अपना गुलाम समझते थे, विधानसभा चुनाव के समय भी लोगों को डरा धमका कर बाहुबल का सहारा लेकर चुनाव जीते एवं चुनाव के दो दिन पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि को गाली गलौज करते हुए वीडियो भी वायरल हुआ एवं चुनाव के समय आदिवासियों का भी अपमान करने का वीडियो वायरल हुआ था। सिर्फ पैसे एवं बाहुबल से लोगों को डरा धमकाकर वो इस बार विधायक तो बन गए। लेकिन अब जनता उनसे डरने वाली नहीं,अब जनता विधायक के गुंडागर्दी के खिलाफ आवाज उठाने लगी है, अब उनका दमन तय है। आज कुकानार थाने में एक व्यक्ति के द्वारा गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी के शिकायत से सिद्ध होता है कि कवासी लखमा अपनी जनता का सम्मान नहीं करते, वह जनता को अपना गुलाम समझते हैं। एफआईआर जो वायरल हुआ है उसमें साफ लिखा हुआ है कि किस तरह से विधायक कवासी लखमा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देकर यह कह रहे हैं कि मैंने कितनों को मौत के घाट उतारा हैं। इस तरह के गंभीर शिकायत पर पुलिस प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। बारसे ने कहा नैतिकता के आधार पर उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए और कांग्रेस पार्टी को भी अपने पद के मद में चूर स्थानीय विधायक पर कार्रवाई करनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी कवासी लखमा के इस कृत की निंदा करती हैं।



धनीराम बारसे

बाबा रामदेव मंदिर में राम मंदिर के उद्घाटन संबंधी हुई बैठक

भव्य पूजा अर्चना के साथ होगा भंडारा

# दीपावली की तरह सजेगा नगर कारसेवकों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम



जिले की व्यवसायिक नगरी गीदम के बाबा रामदेव मंदिर समिति एवं व्यापारी संघ द्वारा 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन के संबंध में आज बैठक आयोजित किया गया।

बैठक के दौरान नगर में अयोध्या की भांति भव्यता के साथ राम मंदिर उद्घाटन समारोह को श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं श्रीरामदेव बाबा मंदिर समिति के तत्वाधान में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर के सभी समाजों के प्रमुख उपस्थित रहे एवं अपने-अपने सुझाव दिये। इस दौरान पिछले आयोजन की सफलता एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए राजेश गुप्ता को ही पुनः श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक के दौरान राम मंदिर उद्घाटन को दीपावली पर्व की तरह मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गीदम के सभी मंदिरों को सजाने एवं मंदिरों में पूजा पाठ करने का निर्णय लिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य राम मंदिर उद्घाटन में सभी वर्गों की सहभागिता एवं इसे भव्यता के साथ करना है।

### अयोध्या से होगा लाइव प्रसारणः विधायक

बैठक में शामिल दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि राम मंदिर उद्घाटन समारोह को जिले में दीवाली की तरह मनाया जाएगा। साथ ही जिले में बड़े पर्दे में उद्घाटन समारोह को दिखाने की कोशिश की जाएगी। अटामी ने कहा कि राम मंदिर उद्घाटन के दिन सभी जगह साफ-सफाई, मंदिरों में लाईट, घरों में दिए जलाएं। कार्यक्रम को पर्व की तरह मनाएं। साथ ही इस भव्य उद्घाटन समारोह में सभी नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

### कार सेवकों का होगा सम्मान

श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं श्रीरामदेव बाबा मंदिर समिति ने बैठक के दौरान निर्णय लिया कि श्रीराम जन्मभूमि उद्घाटन के दिन अयोध्या आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार सेवकों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही इस आंदोलन में मारे गए कार सेवकों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। जबकि बुजुर्ग हो चुके कार सेवकों के घर जाकर सम्मान किया जाएगा। गौरतलब है कि अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के उद्घाटन का समय तय हो गया है। इस शुभ कार्य के लिए 22 जनवरी 2024 की तारीख और 12.29 मिनट का समय तय किया गया है। अभिजीत मुहूर्त में यह कार्यक्रम होगा। इसी तारीख और शुभ मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। अयोध्या में इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के एक हफ्ते पहले से पूजा-पाठ का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

# माता-पिता ही गर्भस्थ शिशु के होते हैं जेनेटिक इंजीनियर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

गायत्री परिवार बीजापुर शक्तिपीठ द्वारा सुसंस्कृत पीढ़ी के निर्माण के लिए सभी ब्लाकों में गर्भ संस्कार जनजागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। ग्रामीण को गर्भ संस्कार का महत्व बताते हुए जागरूक किया गया कि गर्भ में बच्चे के मस्तिष्क का 80 प्रतिशत विकास हो जाता है। गर्भस्थ शिशु गर्भ में सुनता है,आवाज। महक, स्वाद आदि के प्रति प्रतिक्रिया भी दर्शाता है। खुशी, दुख,तनाव को भी पहचानता है। सबको अवगत कराया गया कि शारीरिक ही नही मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक दृष्टि से स्वास्थ्य कैसे गढ़ा जाये। ऋषि परम्परा ,वैदिक काल, इतिहास काल की उन नारियों का उदाहरण देकर गर्भवतियों को बताया गया कि आज भी शिशुओं को मन चाहे सांचे में ढाला जा सकता है। माता-पिता शिशु के जेनेटिक इंजीनियर होते है। गर्भवतियों को आदर्श दिनचर्या, योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित, सात्विक, संस्कारित आहार बताए गए। बच्चे के भीतर संस्कार स्थापित करने के 10 तरीके बताए जिसे गर्भ संवाद कहते है। सभी विषयों को दुर्ग से आई गर्भ संस्कार की सक्रिय कार्यकर्ता बहिनें मीनाक्षी विश्वास और यामिनी साहू की टोली ने संपन्न कराया। कार्यक्रमों में 1 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व दीपयज्ञ के साथ संस्कार सम्पन्न कराया गया। साथ ही गर्भवती माताओं को सत्साहित्य अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना, प्रज्ञा पाक्षिक, गायत्री मंत्र लेखन, गर्भ संस्कार की पुस्तिका तथा संस्कारित भोजन बनाने हेतु बलिवैश्य देव यज्ञ स्टीकर निशुल्क दिया गया।

शीतकालीन छुट्टियां खत्म

# बीईओ ने किया शालाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



खंड शिक्षाधिकारी ने शीतकालीन छुट्टियां खत्म होते ही शालाओं का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पाया कि कुछ स्कूलों व आश्रम शालाओं को छोड़कर शेष स्कूलों और आश्रम शालाओं में शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित हैं। लेकिन बच्चों की संख्या कम हैं या नगण्य है। वहीं कुछ स्कूलों और आश्रम शालाओं में शिक्षक व शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाए गए। खंड शिक्षाधिकारी ने इन सभी को नोटिस जारी कर निश्चित समय दिये है। यदि निश्चित समय पर स्कूलों और आश्रम शालाओं में शिक्षकों व शिक्षिकाएं सुधार नहीं कर सके तो सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

खंड शिक्षाधिकारी कंडिक नारायण ने शीत कालीन छुट्टियां खत्म होते ही निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कन्या आश्रम शाला दुधेड़ा में बच्चों की संख्या असंतोषजनक रही। शिक्षक मिच्चा लक्ष्मण को सख्त हिदायत दी कि दो दिन के भीतर बच्चों की संख्या संतोषजनक नहीं मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक शाला पेबासागड़ा पदस्थ शिक्षिका अनुपस्थित पायी गई। माध्यमिक शाला गोरला में शिक्षक उपस्थित थे किंतु बच्चों की संख्या कम थी। बालक प्राथमिक आश्रम शाला गोरला में शिक्षक उपस्थित थे किंतु आश्रम अधीक्षक मोहन पनवलकर अनुपस्थित थे और बच्चों की संख्या कम थी। प्राथमिक शाला पटेलपारा में पदस्थ शिक्षिका शकुंतला दुर्गम अनुपस्थित थी। माध्यमिक एवं हाईस्कूल पेगड़ापल्ली में शिक्षक उपस्थित थे किंतु बच्चों की संख्या कम थी। इसी तरह हाईस्कूल पोटाकेबीन पेगड़ापल्ली में शिक्षक उपस्थित थे किंतु बच्चों की संख्या कम थी।

खंड शिक्षाधिकारी कंडिक नारायण ने कहा कि निरीक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षक और शिक्षिकाओं को सख्त निर्देश दिये कि दो दिन के भीतर बच्चों की संख्या संतोषजनक नहीं मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं अनुपस्थित शिक्षक व शिक्षिकाओं को नोटिस जारी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए शहर जिलाध्यक्ष मौर्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस कमेटी शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य गुरुवार को जमावड़ा में कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर अतिथि शामिल हुए। मौर्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजनकर्ताओ ने शहर अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया। मौर्य ने कहा कि कबड्डी एक रोमांचक से भरा खेल है, जहां खिलाड़ियों की परिस्थिति बदलती रहती है और अंत में जो टीम अच्छा प्रदर्शन करती है वह पुरस्कार की हकदार बन जाती है। वहीं इस खेल में हारने वाली टीम को कभी निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जो टीमें हारी है उसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उसी के आधार में भविष्य में आगे की खेल की रणनीति तैयार कर बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयासरत होकर प्रदर्शन करें। निश्चित ही सफलता मिलेगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नीलूराम बघेल, जनपद सदस्य धनसिंह नाग, महामंत्री जाहिद हुसैन, अनुराग महतो, विजेंद्र ठाकुर, असीम सुता, मनोज यादव, हरिहर सेठिया, फूलसिंह नाग, शंकर नाग मौजूद रहे।

# सतर्कता जागरूकता चित्रकला स्पर्धा में बच्चों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगत सिंह प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने एनएमडीसी द्वारा सतर्कता जागरूकता चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। स्पर्धा के अमित कुमार मिश्रा डीएमजी, एसके लक्ष्यनाग, श्रीमती विनीता बेंजामिन प्राचार्या, श्रीमती चिव्हाणे व्याख्याता एवं प्राथमिक, माध्यमिक शाला के शिक्षक की उपस्थिति में पुरस्कार वितरित किया गया। जिसमें माध्यमिक में प्रथम-लक्ष्मी साहू, द्वितीय-लक्ष्मी विश्वास, तृतीय-रौनक, चतुर्थ-उपेंद्र, प्राथमिक से साकेत साहू प्रथम, शैलमण-द्वितीय, तृतीय गुनगुन, चतुर्थ सुशांत पुरस्कार प्राप्त किया एवं विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन हुआ। उक्त जानकारी भगत सिंह प्राथमिक शाला के प्रधान अध्यापिका यास्मिन खान ने दी।

# विधायक लखेश्वर बघेल ने महारानी अस्पताल का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधायक लखेश्वर बघेल ने शासकीय जिला महारानी अस्पताल के आपात कालीन कक्ष, सर्जिकल गहन चिकित्सा, गहन चिकित्सा इकाई हमर लैब पैथोलॉजी, ब्लड बैंक, कादम्बिनी, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई आदि स्थानों का जायजा लिया। श्री बघेल ने चिकित्सकों से बातचीत कर वर्तमान में आने वाले मरीजों के प्रकार और संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर यहां मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में प्रतिक्रिया ली। विधायक ने मरीजों के मार्गदर्शन के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए सूचना व्यवस्था विकसित किए जाने पर जोर देने की बात कही। इस दौरान नेता दिनेश यदु, अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद शामिल रहे।

## जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

# अधिवक्ता संघ की गरिमा को बनाएं रखने सभी कार्य करेंगे : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







गर्व है कि वे भी जिला अधिवक्ता संघ का के सदस्य हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामना देते हुए कहा कि बस्तर जिला अधिवक्ता संघ की गरिमा को बनाएं रखने के लिए सभी कार्य करेंगे। उक्त बातें जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में बुधवार की शाम को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, स्थानीय विधायक एवं संघ के वरिष्ठ सदस्य किरण देव ने कही। उन्होंने संघ के अध्यक्ष द्वारा की गई मांग के संबंध में कहा कि जिला अधिवक्ता संघ के लिए कार्य करना मेरा नैतिक कर्तव्य है, जो बन सकेगा आपकी अपेक्षा से अधिक करने का प्रयास करेंगे। उनका अधिवक्ता होने के साथ-साथ बस्तर के श्रेष्ठ कवि, रंगकर्मी और क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में भी सदस्यों की पहचान है।

कार्यक्रम में अतिथियों ने मां सरस्वती तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक खान ने वर्ष 2024-25 कार्यकाल के लिए संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद मिश्रा के साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र वितरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने नव निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष अरुण दास, उपाध्यक्ष वरिष्ठ पवन राजपूत, उपाध्यक्ष महिला कनिष्ठ हेलिना गिरिधरन, सचिव खिलेश्वर जोशी, कोषाध्यक्ष दीनबंधु रथ, ग्रंथपाल विजय प्रकाश दास, सह सचिव संतोष चौधरी, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव संजय कुमार जायसवाल, महिला कार्यकारणी आरक्षित संगीता ब्रिज फर्नांडीस, कार्यकारिणी सदस्य ऋषि तिवारी, देवव्रत साहा, श्रावण कुमार शुक्ला, पूनम सोनी और मौसम लुनावत को शपथ दिलाई। संघ के निवृत्तिमान अध्यक्ष दिनेश पट्टजोशी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामना देते हुए कहा कि संघ के द्वारा जिन कार्यों को मूर्ति रूप दिया जा रहा था उसे आगे बढ़ने की जिम्मेदारी आप सभी की है। शपथ ग्रहण समारोह में अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण ठाकुर, व्हीडी मिश्रा के साथ न्यायाधीश का अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता नवीन ठाकुर ने किया। आभार प्रदर्शन जिला अधिवक्ता संघ के सचिव खिलेश्वर जोशी ने किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ न्यायालय के कर्मचारी शामिल रहे।

### बार-बेंच में समन्वय स्थापित करना जरूरी

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने कहा कि नई प्रक्रिया को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए बार और बेंच के बीच समन्वय स्थापित करना अति आवश्यक है और यह कार्य जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के माध्यम से ही संभव है।

### अपेक्षाओं को खरा उतरने का प्रयास करेंगे

संघ के अध्यक्ष अरुण दास ने कहा कि अधिवक्ता साथियों ने उन्हें निर्वाचित कर जो अपेक्षाएं की है उसे पर खरा उतरने का पूरा-पूरा प्रयास करेंगे। अधिवक्ताओं के हितों को पूरा करने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन से चर्चा का राजस्व न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे हेतु निश्चित तिथि तय करने की मांग करेंगे, जिससे अधिवक्ताओं के साथ-साथ पक्षकारों को भी परेशानियों से निजात मिले।

# कुत्तों के काटने से 30 से अधिक मरीज पहुंच रहे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आवारा कुत्तों के आतंक से महारानी अस्पताल में रोज लगभग 30 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे

- शहर, ग्रामीण क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक, लोग परेशान



मरीजों को अस्पताल में रैबिज का इंजेक्शन लगाने के लिए मरीजों की भीड़ दिख रही है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हर तरफ और हर जगह आवारा कुत्तों का आतंक है। अब ये आवारा कुत्ते अकेले चलने वालों राहगीरों के लिए बड़ा खौफ बनते जा रहे हैं। शहर की शायद ही कोई सड़क या गली हो जहां कुत्तों की दहशत हो। पैदल चलने वालों अथवा साइकिल रिक्शे आदि से चलने वालों के लिए ये आवारा कुत्ते आफत तो बन ही गए हैं, आने-जाने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। शहर के विभिन्न सड़कों और मोहल्लों में इन कुत्तों का खौफ इस कदर छाया हुआ है कि लोग रात तो रात दिन में भी इनके झुंड को देखकर रास्ता बदल लेने में ही गनीमत समझते हैं।

### पर्याप्त इंजेक्शन उपलब्ध

शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि अस्पताल में रैबिज के पर्याप्त इंजेक्शन उपलब्ध है।

# राष्ट्रीय कराटे टूर्नामेंट में भाग लेने बस्तर के खिलाड़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ट्रेडीशनल शोतोकॉन इंटरनेशनल कराटे-डो फेडरेशन (इंडिया) द्वारा 6 से 7 जनवरी को कटक ओड़िसा में ओपन राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न राज्यों के कराटे खिलाड़ी हिस्सा लेगें। उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा लेने बस्तर जिले के कराटे खिलाड़ी छत्तीसगढ़ शोतोकान कराटे-डो एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक व अध्यक्ष सरजीत सिंह बख्शी के नेतृत्व में आज शाम हिराखण्ड एक्सप्रेस से भुवनेश्वर रवाना हुए।

बालक वर्ग में खिलाड़ी वंश यादव, अभिषेक कावडे, समर ठाकुर, अरुण कुमार नाग एवं बालिका वर्ग में रुकमणी यादव, रदीना नेताम, मनीषा नाग, दिव्या साहू और रमिला कुंजाम टीम मैनेजर पूनम कौर के मार्गदर्शन में अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन प्रतियोगिता में करेंगें। टूर्नामेंट में मैडल प्राप्त करने सभी कराटे खिलाड़ियों को संस्था के संरक्षक राणा घोष, प्रशिक्षक विजेंद्र नाथ ठाकुर, लक्ष्मीनारायण कश्यप, भाग्य कुमार, ज्वाला सिंह ठाकुर आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

# श्रीराम भक्तों का स्वागत कर पूजित अक्षत एवं निमंत्रण कर रहे स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कोंटा नगर इन दिनों श्री राम जय राम जय जय राम के संकीर्तन से श्री राममय होता नजर आ रहा है। विगत 1 से 15 जनवरी तक अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत, श्री रामलला की तस्वीर एवं श्री राम मंदिर विवरण को लेकर घर घर वितरण कर निमंत्रण देने पहुंच रहे श्री राम भक्तों का स्वागत घंटा एवं शंखनाद ध्वनि से तथा अन्य सनातन धर्म के परिपालन में किया जाकर निमंत्रण को स्वीकार रहे हैं।

1 जनवरी को कोंटा नगर के वार्ड क्रमांक 15 में निर्मित श्री शीतला माता जी का आशीर्वाद लेकर प्रथम निमंत्रण माताजी के चरणों में समर्पित कर घर-घर पूजित अक्षत वितरण करने का कार्य शुरू किया गया था। जो आस्था के अनुकूल राम भक्तों ने 4 दिन पूरे कर लिए हैं। कोंटा नगर में कुल 15 वार्ड हैं, जिसमें प्रतिदिन एक वार्ड में पूजित अक्षत वितरण किया जाना है। जिस वार्ड में भी वे जा रहे उससे एक दिन पहले ही श्री राम भक्तों के द्वारा उस वार्ड में जाकर निमंत्रण दे रहे हैं कि अगले दिन सुबह 5 बजे आपके द्वार पर पहुंचने वाले है। जिसको सुनते ही अपने-अपने घरों के सामने रंगोली से सजाकर सुबह 5 बजे से ही श्री राम भक्तों की टोली के इंतजार में पूरे परिवार के सदस्य अपने घर के आंगन में खड़े होते देखे जा रहें है।

जैसे-जैसे 22 जनवरी पास आ रहा है और पूजित अक्षत एवं निमंत्रण देने की अंतिम दिन 15 जनवरी तक है। वैसे-वैसे लोगों में श्री राम के प्रति आस्था जागता हुआ दिखाई दे रहा है, जो 4थे दिवस ओड़िया पारा में देखने को मिला। गुरुवार के सुबह 5 बजे से ही ओड़िया पारा के घर-घर में प्रभु श्री राम के संकीर्तन सुनाई देने लगे, जिसको सुनने एवं देखने से ऐसा प्रतीत हुआ कि पूरा मोहल्ला श्रीराम के भक्ति में लीन हो चुका है। जैसे ही श्री राम भक्तों की टोली मोहल्ले में आयी, वैसे ही जय श्री राम के नारों से गूंजने लगा। राम भक्तों की टोली देखते-देखते जन सैलाब में परिवर्तित हो गई। कोई घंटा बजाकर तो कोई शंखनाद से तो कोई गीत गाकर श्री राम भक्तों का स्वागत कर पूजित अक्षत एवं निमंत्रण स्वीकार किए। आज कल कोंटा नगर में एक तीर्थ सा माहौल देखने को मिल रहा है।

### घर-घर जाकर देंगे निमंत्रण

माणिकेश्वर ट्रस्ट, विश्व हिंदू परिषद्, बजरंग दल एवं आरएसएस ने एकजुट होकर 15 दिनों में कोंटा के 15 वार्ड के प्रत्येक घर में पूजित अक्षत तथा निमंत्रण देने का नियमावली तैयार कर लिया है। इस तारतम्य में प्रति दिन एक-एक वार्ड में सुबह 5 बजे से श्री राम जय राम जय जय राम के संकीर्तन से पूजित अक्षत वितरण कर निमंत्रण दिया जा रहा है, जो 15 जनवरी तक चलेगा। श्री राम भक्तों की टोली में दिन प्रति दिन जन सैलाब सा माहौल बन रहा है। जैसे-जैसे तिथि पास आती जायेगी, वैसे-वैसे लोगों में श्री राम के प्रति आस्था जगेगी और विशाल शोभायात्रा में तब्दील होगी। जो कोंटा नगर के लिए ऐतिहासिक रहेगी।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर हरिस.एस ने गुरूवार को जिले के धान खरीदी केंद्र गुडरा, कोडरीपाल, पुसपाल और पुसपाल चेकपोस्ट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी केंद्र गुडरा, कोडरीपाल और पुसपाल में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्रा एवं धान के उठाव के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने अपने धान की बिक्री हेतु धान खरीदी केंद्र में पहुंचे कृषकों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने किसानों को बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार के द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपये की दर से धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित कृषकों से धान बिक्री की राशि मिलने की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली। कृषकों ने बताया कि उन्हें समय पर धान बिक्री की राशि प्राप्त हो रही है। कलेक्टर ने किसानों से धान खरीदी से मिलने वाली राशि के उपयोग तथा वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के लंबित धान बोनस राशि प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी ली।

# पीएम मोदी की गारंटी यानि सबका विकास : मौर्य

हरिभूमि न्यूज : बकावंड



केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं से आमजन को अवगत कराने एवं इन योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रही है। बकावंड ब्लॉक की ग्राम पंचायत बोरीगांव, करंजी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य बनवासी मौर्य का ग्रामीणों ने बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया।

मौर्य ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ लेने प्रेरित किया। मौर्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई जन हितैषी योजनाओं को जनता तक सीधे पहुंचाने और हर पात्र व्यक्ति को उनका लाभ दिलाने के लिए निकाली गई है। पीएम मोदी की गारंटी का मतलब है कोई भी व्यक्ति विकास में पीछे न रहे। हर व्यक्ति आर्थिक रूप से उन्नति करे, सबकी सेहत अच्छी रहे। जो ग्रामीण मोदी सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री दामोदर बघेल, खगेश्वर कर्मा, उमेश बिसाई, जनपद सदस्य सोनबारी भद्रे, कमल मौर्य, बोरीगांव के सरपंच सोनसिंह कश्यप, भगत सोनी, मुन्ना चंद्राकर, गीता, इकमी आदि तथा विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामीण मौजूद थे।

### सेल्फी लेने होड़

विकसित भारत संकल्प यात्रा लेकर निकली मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव में जाकर जो लोग मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गए हैं, उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही है। इस गाड़ी की पहचान आज मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के रूप में बन चुकी है। युवा वैन में लगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ सेल्फी लेने लग जाते हैं।

### मिली बोनस राशि

शिविर के दौरान सेवा सहकारी समिति मूली द्वारा अनेक किसानों को धान की बकाया बोनस राशि का वितरण किया गया। समिति के अधीन ग्राम बोरीगांव, करंजी, मंदरानगुड़ा पारा, कुरलूमारी पारा के 64 किसानों को वर्ष 2014-15 के धान बोनस के बकाया 9.42 लाख रुपए प्राप्त हुए। 26 किसानों को वर्ष 2015-16 की बोनस राशि 3.12 लाख रुपए का वितरण किया गया। इस तरह कुल 90 किसानों को बोनस राशि के रूप में 12.54 लाख रुपए प्राप्त हुए।





